हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4
9 वर्ष में 10वीं के 70 व 12वीं के 77 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण




## खबर संक्षेप

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**अंबिकापुर।** वाहन चलाते समय अगर अपनी गाड़ी के सम्पूर्ण वैध दस्तावेज आपके पास नहीं है तो जुरमाना भरना पड़ सकता है। सरगुजा पुलिस बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों पर 24 मामले दर्ज कर उनसे 7 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। सरगुजा पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में शुक्रवार की देर शाम 88 प्रकरण दर्ज कर 44 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 8 हजार 700 रुपए, मौके पर पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कुल 24 मामले में 7 हजार 200 रुपए, रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 4 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार 200 रुपए, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 25 सौ रुपए, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 3 प्रकरणों मे 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है।

### चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें 6-प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 4 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार 7-रामानुजगंज एवं 8-सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 02 को सुविधा केंद्र बनाया गया है जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी 4 से 6 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। आदेश में मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, रामानुजगंज एवं सामरी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 1 एवं 2 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा।

### सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने आधा दर्जन दुकानों में दी दबिश

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शहर में सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने शहर के आधा दर्जन से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है। टीम की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। टीम की कार्रवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। बड़ी यह है कि टीम के अधिकारी फिलहाल कुछ कहने से बच रहे है। बता दें कि शुक्रवार को सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी है। टीम ने शहर के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित आशिक इलेक्ट्रॉनिक, मनोज रेडियो की दो दुकानें, डाक घर मार्ग स्थित विनोद हार्डवेयर, जयस्तंभ चौक स्थित मनोज रेडियो की तीसरी दुकान में दबिश दी है। टीम ने बेहद गोपनीय ढंग से अपनी जांच शुरू की और दिनभर कार्रवाई की लोगों को भनक तक नहीं लग पाई। देर शाम जीएसटी की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। टीम की कार्रवाई शुक्रवार को देर रात तक जारी रही जबकि शनिवार को भी टीम की जांच जारी रही। इस दौरान दुकान के खरीद, बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही सूत्रों के अनुसार शहर में कुछ अन्य संस्थानों में भी टीम ने दबिश दी है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं कार्रवाई को लेकर अधिकारी जानकारी देने से बचते रहे ऐसे में जांच में क्या मिला है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### होम वोटिंग को लेकर बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह

# जिले में घर-घर पहुंच रहे मतदानकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर होम वोटिंग शुरू हो गई है। इसमें खास मतदान दल 85 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट के जरिए घर जाकर मतदान करवा रहे है। जशपुर जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग जारी है।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की पहल की गई है। जिसकी शुरुआत लोकसभा निर्वाचन हेतु जिले में आज से हो गई है। होम वोटिंग के लिए जशपुर विस में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता 29, कुनकुरी विस में 28 और पत्थलगांव विस में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता 30 है। जिन्हें होम वोटिंग कि सुविधा दी जा रही है। होम वोटिंग को लेकर बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह है। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिला कार्यालय से होम वोटिंग के लिए सामग्री वितरण कर मतदान दल को रवाना किया गया। जिले में विशेष मतदान दलों द्वारा कड़ी मेहनत करके होम वोटिंग कराया जा रहा है। होम वोटिंग कराने आए मतदान अधिकारियों को घर पर देखकर मतदाताओं नए खुशी जाहिर की। मतदाताओं नए कहा कि यह सुविधा बहुत अच्छी है। इसके चलते हम घर बैठे ही लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके लिए मतदाताओं नए भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का आभार व्यक्त किया हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के जशपुर जिले में 85 वर्ष आयु से ऊपर और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया आरम्भ हुआ है।

प्रशासन द्वारा गठित टीम ने मतदाताओं के घर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग करवाई जा रही है। बता दें कि जशपुर में मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया 7 मई को पूरी की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी-कर्मचारी द्वारा होम वोटिंग की पूरी प्रकिया कराई जा रही है। साथ ही घर बैठे मतदान को लेकर वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी है।

## लोकतंत्र में निभाई सहभागिता

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जशपुर जिले में तीसरे व अंतिम चरण में 7 मई को मतदान होना है। इससे पहले आज से होम वोटिंग शुरू हो गई है। होम वोटिंग को लेकर बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के हर एक नागरिक को मतदान में शामिल होने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु होम वोटिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसका लाभ शारीरिक असमर्थता एवं वृद्धावस्था के कारण मतदान केन्द्र तक पहुंच पाने में असमर्थ अनेक बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाता को मिल रहा है। वे अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर पा रहे हैं।


बुजुर्ग ने की वोटिंग।

पहले दिन जशपुर शहर सहित जिले भर में इसकी बानगी देखने को मिली, जहां होमवोटिंग करते हुए मतदाताओं ने उत्साह दिखाया और अपनी खुशी भी जाहिर की। जशपुर के गम्हरिया निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रंगू भगत ने कहा कि निर्वाचन विभाग की ओर से शुरु किए इस पहल से हम जैसे लोगों को वोटिंग में सुविधा हो रही है। मेरे पैर में दिक्कत होने से मुझे चलने-फिरने में दिक्कत है। अब यह सुविधा होने पर वोटिंग करने में बहुत सुविधा मिल रही है।


नुक्कड़ सभी का आयोजन में शामिल हुई प्रियंवदा सिंह।

## प्रिंयवदा के नेतृत्व में भाजपा शक्ति केंद्र की नुक्कड़ सभा

**जशपुरनगर।** मनोरा मंडल अंतर्गत बेलडीह शक्ति केंद्र के ग्राम ओरडीह में भाजपा का नुक्कड़ सभा आयोजित हुआ, इस दौरान भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते हुवे पीएम मोदी के कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के द्वारा प्रचार प्रसार अभियान में तेजी लाया गया है। इस क्रम में आम जनता के पास केंद्र और राज्य सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को घर घर पहुंचा विश्वास जीतने का कार्य किया जा रहा है। तो वहीं नुक्कड़ सभा के माध्यम से भी जनता को जागरूक कर मतदान करने अपील किया जा रहा है। इस दौरान मनोरा मंडल अंतर्गत बेलडीह शक्ति केंद्र के ग्राम ओरडीह में नुक्कड़ सभा आयोजित हुआ। इस दौरान श्रीमती प्रियमवदा सिंह जूदेव, श्रीमती शांति भगत, कृपा शंकर भगत, श्यामलाल भगत, बाबूलाल सिंह, महेश शाही, राहुल गुप्ता, हदीस अंसारी, जितेंद्र मंडल, सुषमा सिंह, आरती सिंह, राजेश सिंहा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस लखपति बनाने का देती रही झांसा भाजपा सीधे ख़ाता में दे रही है पैसाः राय

**जशपुरनगर।** महिलाओं को नरुआ, गरुआ, घुरुआ से लखपति बनाने का झांसा देकर कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरते रहे। लेकिन भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के अंतर्गत महतारी वंदन करने का जो वायदा किया था उसे सरकार बनते ही पूरा कर दिया है। महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की दो किशत की राशि आ चुकी है। योजना के अनुसार किशत निरंतर मिलती रहेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिलासपुर संभाग कलस्टर प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने उक्त बातें कहीं।

■ देश की तरक्की के लिए वोट देने की अपील

वे जशपुर विधान सभा के आरा में आयोजित महतारी वंदन लाभार्थी सम्मेलन और कुनकुरी विधानसभा के सिमड़ा में आयोजित नुककड़ सभा को सम्बोधित कर रहे थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते शारदा प्रधान।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सभी वर्गों के मन से भूख का भय खत्म कर दिया है। सभी को मुफ्त में राशन मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक बीमारी के इलाज की सुविधा मिल रही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई उंचाई को छू रहा है। युद्ध और अशांति से जूझ रहा विश्व, शांति के लिए भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में हम सबका कर्तव्य है कि हम अपना एक एक कीमती वोट देश की तरक्की के लिए नरेंद्र मोदी और भाजपा को दें। महतारी सम्मेलन व नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय, रौतिया समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, मंगलनाथ सिंह, शारदा प्रधान जगदीश गुप्ता, मनबहाल निराला, राजकुमार सिंह, दीपक चौहान, सावित्री सिंह, शिव प्रसाद शाहू, उमा देवी, गायत्री देवी, ईश्वर यादव, परसन यादव, रंजीत सोनी, प्रभाशंकर यादव, खगेश्वर राम, नारायण सिंह, सनेश्वर बैगा बालमुकुंद सिंह, आलोक गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया फस्ट हॉलीकोमिन्यो पर्व

**जशपुरनगर।** प्रथम हॉलीकोमिन्यो का पर्व शांति भवनशांति भवन चर्च में 28 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम पवित्रकोमिन्यो कैथोलिक चर्च के 7 संस्कारों में से एक है। इस संस्कार के द्वारा एक व्यक्ति प्रभु यीशु के युखारिस्तीय भोज में सम्मिलित होकर अपने जीवन को खुशहाल और बेहतर बना सकता है। फस्ट हॉलीकोमिन्यो कैथोलिक चर्च में मनाया जाने वाला एक धार्मिक उत्सव है, जब बच्चे 7 से 8 वर्ष के होते है और युखारिस्त के रूप में पहली बार रोटी और दाखरस स्वीकार करते हैं। कैथोलिकों का मानना है कि ब्रेड और वाइन, ईसा मसीह के शरीर और रक्त है। इस विशेष अवसर के बाद बच्चे युखारिस्तीय समारोह में शरीक होकर ब्रेड और वाइन को स्वीकार करने में सक्षम होते हैं। इस फस्ट हॉलीकोमिन्यो में बडी संख्या में कैथोलिक बच्चे, युवा और माता-पिता शामिल हुए।

## बच्चे फेल होने या हारने से न डरें यहीं से होती है जीत की शुरुआत

**पत्थलगांव।** शहर के समाजसेवी युवा दम्पती प्रवीण अग्रवाल और उनकी पत्नी रीना अग्रवाल ने शादी की 21वीं सालगिरह पर बच्चों को दिखाई 12वीं फेल फिल्म। कहा असफलता से डरे नहीं हार के बाद ही जीत मिलती है।

■ समाजसेवी दम्पती ने बच्चों को बारहवीं फेल मूवी दिखाकर मनाई शादी की सालगिरह

दौड़ में वह नहीं हारते जो गिरने के बाद भी प्रयास करना नहीं छोड़ते, बल्कि वो हारते हैं जो एक बार गिरने के बाद दोबारा प्रयास करना ही छोड़ देते हैं। आप हर काम लगन और पूरी निष्ठा से करते रहिए हार मिलेगी फेल भी होंगे पर आखिर में कामयाबी आपको जरूर मिलेगी। आपका हमारा बौद्धिक स्तर ऊंचा रहे और अच्छा रहे, इसके लिए जीवन में खेल के साथ मनोरंजन भी जरूरी है। हर जीवन के हिस्से को खुश रहकर जिये और सफल होएं। बता दें कि पत्थलगांव के युवा समाजसेवी प्रवीण अग्रवाल और उनकी पत्नी ने अपनी शादी की 21वीं सालगिरह पर बच्चों को फिल्म 12th फेल मूवी दिखाई। इस दौरान अग्रवाल दंपती ने बच्चों के साथ केक काट चॉकलेट, टॉफी, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई आदि चीजें भी दी। प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि 12वीं फेल मूवी दिखाने का मकसद उन बच्चों को इस बात से अवगत कराना है कि विफलताओं से घबराए बगैर अपना परिश्रम करते रहिए जीत जरूर मिलेगी। जो आप चाहो वो पा सकते हो शिक्षा वह सीढ़ी है जहां से सफलता की। हर मंजिल पाई जा सकती है। इन्हीं बातों को प्रवीण अग्रवाल ने युवाओं का समझाने के लिए उन्हें यह मूवी दिखाने की सोची और उन्होंने बताया कि '12वीं फेल मूवी दिखा बच्चों को इस बात से अवगत कराना चाहता हूं कि असफलताओं से घबराएं नहीं यही से सफलता की सीढ़ी मिलती है।



### सामान्य प्रेक्षक डॉ सिंह ने किया मतदान केन्द्रों निरीक्षण



**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ लोकसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने जशपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जरिया, पंडरापाठ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक डॉ सिंह ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गए दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाए गए रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से चर्चा कर मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी तथा जिनकी मृत्यु हो गई है एवं अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं उन मतदाताओं की जानकारी ली।



### सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेंद्र ने मतदान केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जशपुरनगर।** सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेंद्र ने आज नगर पालिका के पास स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, तहसीलदार,बीएलओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने बिजली, पानी, पंखा, टॉयलेट सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस के दिन महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा तथा उनके लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था भी निश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर जीआर चुरेंद्र राजनीतिक दलों के एजेंट के लिए भी बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

### साय शासकीय महाविद्यालय आरा में भाषण प्रतियोगिता




**जशपुर।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप जश-प्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप के नोडल अधिकारी और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। नायक नित्यानंद साय शासकीय महाविद्यालय आरा में मतदान से संबंधित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण के माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। चुनाव में एक वोट का भी महत्व होता है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान भी प्रदान किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी सरिता चौहान रही। दूसरे स्थान पर निकिता और तृतीय स्थान पर अर्पण दीप रहे।

### जिले के मतदाताओं को मतदान करने दिया गया निमंत्रण

# घर आजा संगी अभियान : 100 से अधिक प्रवासियों को किया कॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत भी विभिन्न गतिविधियां जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्रवासी मजदूरों, युवाओं सहित जिले के अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

घर आजा संगी अभियान के तहत विकासखंड कांसाबेल, पत्थलगांव, दुलदुला,कुनकुरी, मनोरा एवं बगीचा विकासखंड प्रवासियों और पलायन करता परिवार के सदस्यों से फोन से बातचीत की गई और मतदान दिवस में भाग लेने हेतु उन्हें सूचित एवं आमंत्रण किया गया। बगीचा विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ₹बिहान₹ की दीदियों द्वारा विशेष कॉल सेंटर बनाकर अबतक 116 प्रवासियों से संपर्क साधा गया। फोन कॉल के माध्यम से उन्हें 7 मई मतदान दिवस होने की



सूचना दी गई एवं मतदान में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी विकासखंड के ग्रामीण और आदिवासी इलाके के हाट- बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वीडियो कॉल, वाइस कॉल के जरिए संपर्क कर मतदान के लिए निमंत्रण दिया जा जा रहा है। साथ ही उन्हें मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। समूह की महिलाओं समेत अधिकारियों के द्वारा अपील की जा रही है कि वे अपने घर आकर 7 मई को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए। लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं। इसके साथ ही घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बता दें कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं ₹घर आजा संगी₹ अभियान के तहत जिले एवं राज्य से बाहर गए ग्रामीण मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कराने प्रशासन अभियान चला रहा है।

## पंडरापाठ में एक मई को मुख्यमंत्री की सभा तैयारी को लेकर सन्ना व सोनक्यारी में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 1 मई को जशपुर विधानसभा क्षेत्र के पंडरापाठ में चुनावी सभा लेंगे। तैयारी के सिलसिले में भाजपा के बिलासपुर संभाग के कलस्टर प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने सन्ना व सोनक्यारी मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

सभा को ऐतेहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए राय ने कहा कि मुख्यमंत्री जशपुर के माटीपुत्र है। वे पंडरापाठ की धरती में मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंच रहे हैं। इसलिए जशपुर के इस लाल का ऐतेहासिक स्वागत करना हम सबका दायित्व है। उन्होनें सभा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा ने सभी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी व बूथ के अध्यक्षों से पूर्व में दिए गए कार्यों समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, सन्ना मण्डल अध्यक्ष मंगल राम, रौतिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, रामस्वरूप यादव, शिव शंकर गुप्ता, हरिशंकर यादव, नसरुल्लाह सिद्दीकी, प्रभाकर यादव, जुगनू यादव, बलवंत गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, रामवृक्ष भगत, रामनारायण यादव, जितेंद्र ताम्रकर, त्रिवेणी यादव, सुषमा सिंह, सोहन राम, नरेंद्र लकड़ा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




28- APR-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/28/2024 8:11 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


# डगलस का खुलासा, अपने किरदार की चाहते थे खतरनाक मौत



हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी चर्चित फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की खतरनाक मौत चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मेकर्स के अनुरोध भी किया था। माइकल डगलस हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे वैश्विक स्तर पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वे मार्वल की साल 2023 में आई फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया में नजर आए थे। इस फिल्म में डॉ. हैंक पाइम की भूमिका में उन्हें काफी पसंद किया गया था। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की मौत का एक गंभीर दृश्य चाहते थे और इसके लिए उन्होंने अनुरोध भी किया था। एक बातचीत में अभिनेता ने कहा कि फिल्म के तीसरे भाग से पहले उन्होंने अपने चरित्र को मारने का अनुरोध किया था। डगलस ने कहा, ₹वास्तव में मैंने तीसरी फिल्म के ऐसा किया था। मैंने कहा था कि मैं स्पेशल इफेक्ट्स के साथ मौत चाहता हूं। कोई शानदार तरीका होना चाहिए, जहां मैं चींटी के आकार में सिकुड़ जाऊं और मुझमें विस्फोट हो जाए। कुछ भी हो जाए, लेकिन मैं उन सभी इफेक्ट्स का उपयोग करना चाहता हूं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया का निर्देशन पेटन रीड ने किया गया था। वहीं, इसे जेफ लवनेस ने लिखा था। फिल्म में पॉल रुड, इवांगेलिन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, डेविड डस्टमालचियन, कैटी ओ'ब्रायन, विलियम जैक्सन हार्पर, बिल मरे, कोरी स्टोल और मिशेल फिफर ने अभिनय किया था। डगलस ने 2015 की फिल्म एंट-मैन में हैंक पाइम की भूमिका की शुरुआत की और 2018 की एंट-मैन एंड द वास्प और 2019 की एवेंजर्सः एंडगेम में इसे फिर से निभाया। हैंक पाइम के रूप में उन्हें आखिरी बार साल 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया में देखा गया था।

### टॉलीवुड

# श्रुति -शांतनु की राहें जुदा, क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म ?



श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में ऐसी अफवाहें फैलने लगी थीं कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका करीब एक महीने से अलग रह रहे हैं। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुति और शांतनु ने अपने व्यक्तिगत हितों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाने का फैसला किया है। मुंबई स्थित असमिया कलाकार शांतनु हजारिका एक विजुअल आर्टिस्ट, वीडियो गेम डिजाइनर और चित्रकार हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा ने श्रुति का ध्यान तब खींचा जब वह अपनी किताब पर काम कर रही थीं, जिसमें उनकी कविताएं हैं। शांतनु ने पुस्तक के लिए एक चित्रकार और डिजाइनर के रूप में योगदान दिया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

काम के मोर्चे पर, श्रुति 'सालार 2' के लिए तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा, 'डेकोइट', 'टॉक्सिक' और सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' जैसी परियोजनाओं में उनके शामिल होने की अफवाहें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

# विक्रांत और ऋतु की 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज



विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कहानी कई लोगों को महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की याद दिला रही है। हालांकि, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत ने साफ कर दिया है कि इसकी कहानी पूरी तरह से फिक्शन बेस्ड है। भोजपुरी सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर मजेदार है और इसे देखकर कई लोग इसे महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की कहानी से जोड़ रहे हैं जिन्होंने अधिकारी बनने के बाद अपने पति को छोड़ दिया था।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत सिंह राजपूत एक ऐसे हसबैंड की भूमिका में हैं जिसकी पत्नी पढ़ाई कर अफसर बनना चाहती है। हालांकि परिवार के बाकी लोग उनकी पत्नी को अफसर बनाने और पढ़ाने-लिखाने के खिलाफ हैं।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म की कहानी संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है।

## लाइफ स्टाइल



## अरब का हुस्न

मिस्त्र की पहचान पिरामिड से है और इन पिरामिड के परिदृश्य में फैशन उद्योग भी खूब पनपता रहा है। मिस्त्र की सांस्कृतिक झलक यहां के फैशन शो में देखने मिलती है। पिछले दिनों कोचर कलेक्शन के अंतर्गत इटालियन फैशन हाउस लारा मैंकिनी और अमेरिकन डिजाइनर लैक्वान स्मिथ ने मिस्त्र में यह अनूठा शो किया। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

# देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटकारा




आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि बच्चों को छोटे से घी खिलाना चाहिए, ताकि उनका शरीर मजबूत बनें। घी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को भी लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

# दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट




सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट



इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है। वहीं इस सूट के साथ पेंट स्टाइल में सूट पहन सकती हैं। इस तरह के सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

# चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों को न करें नजरअंदाज, सूट लुक हो सकता है खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

### कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं।

# जंपसूट के साथ अपनाईए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी हील्सः** अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।



**मीडियम हील्स सैंडलः** अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं।

अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

## कार्नर न्यूज

### परफेक्ट लुक के लिए इस मौसम में हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं

# गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।





**ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्सः** अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

**बैंड कॉलर शर्ट्स :** शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

**हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट :** वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

**मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट :** मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

**क्यूबन कॉलर शर्ट्सः** क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

**लीफ प्रिंट शर्ट्स :** फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।



**स्ट्राइप्ड शर्ट :** स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

28- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/28/2024 8:09 PM Page 1





# अक्षय कुमार की 4 फिल्में इस साल होंगी रिलीज़

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। आमिर या सलमान खान की तरह साल में एक नहीं बल्कि 4 से 5 फिल्में रिलीज़ कर देते हैं। हालांकि, उनकी ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाती हैं। इस साल एक्टर की चार फिल्में रिलीज़ होने जा रही हैं। 12 जुलाई को अक्षय कुमार सरफिरा में नज़र आने वाले हैं। ये तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू का हिंदी रीमेक है। अक्षय कुमार एक बार फिर मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म खेल खेल में नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 6 सितंबर को रिलीज़ होगी। स्काई फॉर्स एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने वाली है।

## लाइफ Style

# मृणाल



## माता-पिता की वजह से ठुकरा दी कई फिल्में

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती हैं। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती हैं। 'जर्सी' से लेकर 'सीता रामम' और 'हाय पापा' तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है।

मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है। मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं। मृणाल का कहना है, 'मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे'।

उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, 'मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को 'न' कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रिटनी को पिता से मिली आजादी

**लॉस एंजिलिस।** ब्रिटनी स्पीयर्स हॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक हैं, जो अपने गानों से कम और विवादों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी एक्स ब्वॉयफ्रेंड पर आरोप, पति से तलाक और पिता के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर बवाल, आए दिन ब्रिटनी हेडलाइंस में अपनी जगह बना ही लेती हैं। खैर, सिंगर का एक विवाद सालों बाद आखिरकार खत्म हो गया है। ब्रिटनी स्पीयर्स का पिता जेमी स्पीयर्स के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ साल पहले 'कंजरवेटरशिप' खत्म होने के बाद ब्रिटनी ने दावा किया था कि उनके पिता उन्हें ड्रग्स देते हैं।



# एआई की दुनिया में जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यूं तो जेनिफर ने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन वह पहली बार साइंस फिक्शन फिल्म में अपना दमखम दिखाने जा रही हैं। जेनिफर लोपेज आगामी फिल्म 'एटलस' में एक्शन करती दिखाई देंगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ऐसा पहली बार है, जब ब्यूटी क्वीन किसी साई-फाई मूवी में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में जेनिफर का किरदार देखने लायक है। 'एटलस' के ट्रेलर की शुरुआत जेनिफर से होती है, जो एटलस शेफर्ड का किरदार निभा रही हैं। एटलस एक तेज-तर्रार डाटा एनलिस्ट है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नफरत है।



# मना किया ईशान की मां का रोल ...

**मुंबई।** धमाल और वेलकम जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को प्रीतिश नन्दी की प्रोडक्शन के तहत बन रही वेब सीरीज में रोल ऑफर हुआ था। हालांकि, खबर है कि मल्लिका शेरावत ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। मल्लिका शेरावत ने इस प्रोजेक्ट के लिए लुक टेस्ट भी दिया था। अब ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने रोल करने से मना कर दिया? रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत का कहना था कि अगर वो मां का रोल निभा रही हैं, वो भी ईशान खट्टर की मां तो उनका किरदार दिलचस्प होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं था। इसलिए उन्होने इस प्रोजेक्ट में काम करने से मना कर दिया। मल्लिका के पब्लिसिस्ट की मानें तो मल्लिका ने फरवरी में ही प्रोडक्शन हाउस के साथ क्रिएटिव डिफ्रेंस के चलते यह शो करने से मना कर दिया था।



# फिल्म शोले के एक्टर के बेटे हैं शरमन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। करियर के शुरुआती दौर में एक्टर को स्टाइल, एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मों में देखा गया था। इसके अलावा 3 इडियट्स, गोलमाल, ढोल जैसी फिल्मों ने ऑडियंस को इम्प्रेस करने वाली शानदार परफॉरमेंस दी। शरमन जितना फिल्मों में एक्टिव हैं उतना ही अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टर अपने तीनों बच्चों और परिवार संग कम ही तस्वीरें शेयर करते आए हैं। प्रेम चोपड़ा के दामाद शरमन का खुद का परिवार फिल्मों से जुड़ा हुआ है। उनके पिता अरविंद जोशी गुजराती और हिंदी फिल्मों में एक्टिव रहे हैं। शोले फिल्म में ठाकुर साहब के तीन बेटों में सबसे बड़े अरविंद जोशी ही थे जिन्हें गब्बर अपनी गोलियों से भून देता है।

## टीवी मसाला



# गोविंदा ने कृष्णा के बच्चों को दिया आशीर्वाद

**मुंबई।** गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच पिछले करीब आठ सालों से विवाद चल रहा था। मामा-भांजा का ये खूबसूरत रिश्ता कुछ ऐसा बिगड़ा कि इतने सालों तक कोई बातचीत नहीं हुई। लेकिन आरती सिंह की शादी में गोविंदा ने बेटे यशवर्धन के साथ पहुंच कर पुरानी लड़ाई को भुलाकर फिर से रिश्ता जोड़ा है। अब इस शादी का एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कश्मीरा शाह ने अपना वादा निभाते हुए गोविंदा के पैर छुए और उनसे आशीर्वाद लिया। गोविंदा ने कृष्णा के दोनों बेटों को भी प्यार और आशीर्वाद दिया जिसे देखने के बाद कश्मीरा अपने आंसू नहीं रोक पाई। कृष्णा ने अपनी बहन आरती सिंह की शादी को ग्रैंड बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। शादी में टीवी और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने चार चांद लगा दिए। शादी के वीडियो में कश्मीरा शाह मामा गोविंदा को देखते हुए उनके पैर छूती दिख रही हैं।

## मन्नारा ने जीता 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 17 के बाद से चर्चा में आईं मन्नारा चोपड़ा लगातार लाइमलाइट में बनीं रहती हैं। अब मन्नारा ने 'सबसे



प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब अपने नाम किया है। मन्नारा चोपड़ा ने मुंबई के एक इवेंट में 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का पुरस्कार जीता। इसकी खबर मन्नारा ने अपने इंस्टाग्राम पर दी। मन्नारा ने अवार्ड के साथ अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मन्नारा ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। मन्नारा के इसी पोस्ट को प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट किया है। प्रियंका चोपड़ा ने मन्नारा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "बधाई।" प्रियंका की स्टोरी को ही मन्नारा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, "थैंक्यू दीदी, हम जब मिलेंगे तो जश्न मनाएंगे, लव यू हमेशा।" बता दें, मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस सीजन 17 का हिस्सा थीं। शो में वो सेकेंड रनरअप रहीं थीं।

# कृष्णा मुखर्जी ने सुनाई आप बीती खोली प्रोड्यूसर की पोल

**मुंबई।** कई टीवी सीरियल्स में काम कर इंडस्ट्री में अपने लिए नाम बना चुकीं एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी ने एक दर्दनाक एक्सपीरियंस का खुलासा किया है। उन्हें इस इंडस्ट्री में एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। कृष्णा ने 'नागिन 3', 'कुछ तो है: नागिन के एक रंग में' सहित कई सीरियल्स में काम किया है। मगर उन्हें पहचान 'ये है मोहब्बतें' से मिली। हाल ही में कृष्णा ने 'शुभ शगुन' के सेट पर उनके साथ किए गए गलत व्यवहार का खुलासा किया है। कृष्णा मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया है कि वह पिछले डेढ़ साल से काफी कुछ झेल रही हैं। उनके साथ 'शुभ शगुन' के सेट



पर काफी कुछ ऐसा हुआ, जिसके बारे में बात करने की उनमें हिम्मत नहीं थी, लेकिन अब वह इस बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब उनकी हेल्थ ठीक नहीं थी, तो उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया गया था। उन्हें प्रोड्यूसर्स से धमकी मिली, जिस कारण वह बोलने से डरती रहीं। दोबारा ऐसी चीज न हो, इसके डर से वह नए प्रोजेक्ट साइन करने से बच रही हैं।



# प्रियंका को शुरुआत में मिला था रिजेक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उन घटनाओं को याद किया जब उन्हें फिल्मों में रोल नहीं मिलते थे। इस पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स को हैंडल करना आसान नहीं होता है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक बार उन्हें फिल्म में कास्ट नहीं किया गया था क्योंकि उनकी जगह किसी की गर्लफ्रेंड को कास्ट कर लिया गया था। पॉडकास्ट 'रीड द रूम' में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स से डील करना बहुत मुश्किल होता है। खासकर वैलिडेशन पर मिलने वाली नौकरियों में। उन्होंने कहा कि कितने लोग आपकी मूवी देखने आ रहे हैं या आपके डायरेक्टर को आपका काम कैसा लगा या आपका कास्टिंग एजेंट आपके बारे में क्या सोच रहा है, यह सब सब्जेक्टिव होता है। ऐसे में रिजक्शन्स हैंडल करना आसान नहीं होता है।

## लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं

# बड़े सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

*मुंबई। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।*



### प्रियंका चोपड़ा

सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।



### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ठोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।


### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने



ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।

### राजकुमार राव




हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उनहोंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग-पटना समर स्पेशल का विस्तार गोंदिया तक

**रायगढ़।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन में विस्तार गोंदिया स्टेशन तक 03 फेरों के लिए किया जा रहा है। यह गाड़ी गोंदिया से प्रत्येक शुक्रवार 10, 17 एवं 24 मई को 08793 नं के साथ पटना के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार पटना से प्रत्येक शनिवार दिनांक 11, 18 एवं 25 मई को 08794 नं के साथ गोंदिया के लिए रवाना होगी। इस गाड़ी में 2 एसएलआरए 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 3 एसी थ्री तथा 1 एसी 2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी। गोंदिया से पटना जाने वाली गाड़ी रायगढ़ स्टेशन पर शाम को 7.15 बजे पहुंचेगी तथा पटना से गोंदिया जाने वाली गाड़ी सुबह 6.43 बजे पर पहुंचेगी। रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का दो मिनट का ठहराव दिया गया है।

### 8 मृतकों के परिजन को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत ग्राम अंजोरीपाली के 8 लोगों की प्राकृतिक आपदा पानी नदी में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया के प्रकरण पश्चात पात्रतानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव ;डोंगाद्धमें सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय यह दुखद घटना घटित हुई थी। उक्त घटना में मृतक सभी 8 लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपये की मान से कुल 32 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। जो कि संबंधित के खातों में अंतरित हो गई है। प्राकृतिक आपदा से असामयिक मृत्यु पर विपत्ति ग्रस्त व्यक्तिध्परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत वित्तीय सहायता स्वीकृत करना आदर्श आचार संहिता के दायरे से बाहर होता है।

### छात्र बोधराम को मिला एनएसएस सी सर्टिफिकेट



**घरघोड़ा।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध रायगढ़ निरंतर छात्रों के विकास में अपना योगदान देता रहा है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक बोधराम चौहान कक्षा एम ए भूगोल सत्र 2022-23 निरंतर सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा कार्य देते रहे हैं बोधराम चौहान द्वारा गोद ग्राम में जन जागरूकता अभियान में मेरी भूमिका विषय पर सी प्रमाण पत्र हेतु प्रोजेक्ट जमा किया था। 24 अप्रैल को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर में साक्षात्कार का आयोजन संपन्न हुआ। साक्षात्कार हेतु विशेषज्ञ के रूप में डॉ. बीके पटेल, जिला संगठक जांजगीर चांपा एवं भोजराम पटेल जिला संगठक रायगढ़ जिला के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### काशीचुआं राशन दुकान में चोरी

**रायगढ़।** राशन दुकानों में पीडीएस चावल गबन के मामलों के बीच अब चावल चोरी का एक रोचक मामला सामने आया है। काशीचुआं की पीडीएस दुकान से बिना ताला तोड़े करीब 50 क्विंटल चावल चोरी की आशंका है। सरपंच और सचिव ने इसकी शिकायत भूपदेवपुर थाने में की है। लेकिन सचिव अभी तक यह नहीं बता सका है कि कितना चावल चोरी हुआ है। छग में पीडीएस घोटाला अब तक गूंज रहा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा के शीर्ष नेता भी पीडीएस सामग्री में घोटाले का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं। कांग्रेस शासनकाल में हुए गबन की भरपाई अब तक नहीं की जा सकी है ।

## दोनों ही कक्षाओं के 23 से 30 फीसदी विद्यार्थियों को मिली असफलता

# 9 वर्ष में 10वीं के 70 व 12वीं के 77 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 9 वर्ष में कक्षा 10वीं के 70 फीसदी तो वहीं कक्षा 12वीं के 77 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं बीते 9 वर्ष में कक्षा 10वीं में 30 फीसदी और कक्षा 12वीं के 23 फीसदी बच्चे अनुत्तीर्ण हुए। इस दौरान कोरोना संक्रमण काल में परीक्षाएं आयोजित नहीं हुई थी।

हर वर्ष कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में हजारों की संख्या में विद्यार्थी परीक्षा दिलाते हैं। अहम बात यह है कि वर्ष 2015 से लेकर 2023 तक 56 से 98 फीसदी विद्यार्थी कक्षा 10वीं में तथा कक्षा 12वीं में इसी अवधि में 58 से 97 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 9 वर्षों में एक ही बार ऐसा हुआ है जब कक्षा 10वीं व 12वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में 60 फीसदी से कम थी। चूंकि कोरोना संक्रमण काल में परीक्षाएं आयोजित नहीं हो सकी, ऐसे में बच्चों को उनके ग्रेड के अनुसार अंक दिए गए। कोरोना संक्रमण खत्म होने के बाद पुरानी पद्धति से परीक्षाएं आयोजित की गई।




### इस तरह समझें परीक्षा परिणाम

आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2016 में कक्षा 10वीं के 56.77 और वर्ष 2015 में 58.2 फीसदी कक्षा 12वी के विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 10वीं में वर्ष 2016 से लेकर 2020 तक 60 से 69 फीसदी उत्तीर्ण हुए। हालांकि इन वर्ष 2015 को छोड़कर कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 70 फीसदी से नीचे नहीं गया।

### एक ही बार 95 फीसदी से अधिक उत्तीर्ण

कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं में एक ही बार ऐसा परिणाम आया जब जिले के 95 फीसदी से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2021 में कक्षा 10वीं के 98.23 फीसदी और कक्षा 12वीं के 97.75 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

### फैक्ट फाइल

| वर्ष | कक्षा 10वीं | कक्षा 12वीं |
|---|---|---|
| 2015 | 72.2 | 58.02 |
| 2016 | 56.77 | 74.44 |
| 2017 | 61.02 | 82.66 |
| 2018 | 67.23 | 77.43 |
| 2019 | 63.83 | 74.74 |
| 2020 | 69.25 | 77.49 |
| 2021 | 98.23 | 97.75 |
| 2022 | 72.81 | 75.82 |
| 2023 | 70.48 | 75.82 |

# बस व पिकअप में भिड़ंत पिकअप चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीती रात खरसिया थाना क्षेत्र के बोराई नाले के पास यात्री बस और पिकअप भिड़ गई। पिकअप के सामने भाग के परखच्चे उड़ते ही चालक की दर्दनाक मौत हो गई तो उसके चालक की हालत गंभीर है।सहायक उपनिरीक्षक हेमंत कश्यप ने बताया कि खरसिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम बरगढ़ के बोराई नाले के पास 26 और 27 अप्रैल की रात 1 से 2 बजे के बीच बस तथा पिकअप क्रमांक सीजी 13 एएच 0224 में आमने सामने भिड़ंत हो गई।

हादसा इतना जबर्दस्त था कि बस से टकराते ही पिकअप का सामने हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें उसका चालक फंस गया। आधी रात को हुई इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त पिकअप के चालक की जान चली गई। साथ ही उसका साथी बुरी तरह से गंभीर हो गया। जिसके बाद अलसुबह इस सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। वहीं, पिकअप के मृतक चालक के शव को 8और उसके अधमरे साथी को खरसिया के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया है।

### मृतक व घायल की नहीं हुई पहचान

बताया जा रहा है कि चालक का साथी बुरी तरह से घायल है और बेहोश है। जिसकी वजह से पिकअप चालक सहित उक्त युवक की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल घायल युवक का इलाज चल रहा है। यही वजह है कि शव को मर्च्यूरी रूम में रखवाते हुए पुलिस अब घायल के होश आने की बाट जोह रही है ताकि घटना की असलियत सामने आ सके। फिलहाल, खरसिया पुलिस धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल कर रही है।

# संपत्ति को छल पूर्वक गिरवी रखने के मामले में आरोपी जेल दाखिल

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर फरार हुए आरोपी को चालान के साथ न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी दिलीप खुशलानी पिता स्व. जयराम दास खुशलानी निवासी सिंधी कालोनी पक्की खोली तिलक स्कूल के पास चक्रधरनगर का जेल वारंट जारी किया गया जिस पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

जानकारी के अनुसार गांधीगंज रायगढ़ में रहने वाले सिध्दार्थ सांवरिया द्वारा 8 दिसंबर 2023 को थाना कोतवाली रायगढ़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराए कि इनका रायगढ़ में रेडिमेड कपड़ों की दुकान है, जहां से विजय खुशलानी निवासी सिंधी कालोनी पक्की खोली रायगढ़ नियमित रुप से रेडिमेड गारमेंट्स कपड़ा क्रय किया जाता था, अप्रैल 2023 तक विजय खुशलानी 40 लाख रुपए का रेडिमेड कपड़े उधार क्रय किया था। उधार रकम एक माह में भुगतान करना बताकर अदा नहीं किया। जब उसे उधार लिए गए रेडिमेड कपड़ों को लौटाने को कहा गया, तब उसने कपड़ों के विक्रय राशि से सिंधी कालोनी वाले मकान के निर्माण में खर्च कर देना बताया। विजय खुशलानी ने अपने भाई दिलीप खुशलानी और विजय की पत्नी आरोही खुशलानी के साथ मिलकर उधारी रकम के एवज में अपना सिंधी कालोनी का मकान लिखापढ़ी कर सिध्दार्थ सांवरिया के पास बंधक रख दिये और तीनों ने उधारी राशि देने से बचने एवं हड़प जाने के उद्देश्य से बंधक सम्पत्ति को किसी अन्य व्यक्ति के पास भी बंधक रख दिए। थाना कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी विजय खुशलानी को 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर शपथ पत्र लेकर जमानत की शर्तों पर छोड़ा गया जिसके बाद आरोपी विवेचना में सहयोग ना कर अन्य आरोपियों के साथ फरार था। विवेचना दौरान 22 जनवरी 2024 को फरार आरोपी दिलीप खुशलानी 36 साल को तथा 28 फरवरी को फरार आरोपी विजय खुशलानी गिरफ्तार कर प्रकरण में धारा 467, 468, 471 आईपीसी जोड़ा गया। आरोपिया आरोही खुशलानी के फरार रहने पर धारा 173, 8 कार्रवाई कर आरोपित दिलीप खुशलानी के साथ चालान न्यायालय पेश किया गया।



### शहीद कर्नल की जयंती पर समारोह का आयोजन

**रायगढ़।** रायगढ़ के माटी पुत्र और छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश के गौरव शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 20 मई को एक गरिमामय एवं भव्य समारोह के आयोजन की रूप रेखा तय की गई। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले दो वर्षों से उनकी जयंती 20 मई के दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी इस आयोजन के लिए कार्यक्रम की रूप रेखा तय की जा चुकी है। होटल आशीर्वाद में विगत दिनों ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श किया और यह तय किया गया कि इस वर्ष भी आगामी 20 मई को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन की शुरूआत शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल में पुष्पांजलि के बाद एक विप्लव रन से होगी जिसमें भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट और एनएसएस के स्वंय सेवकों के अलावे शहर के गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित होंगे।

# जिला न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई हैए किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया हैए ऐसे मामलों में धारा 440 के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक जेल अधीक्षक एसपी कुर्रे के द्वारा जिला न्यायाधीश को यह जानकारी दी गई कि जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर से बंदी लाभान्वित हो रहे है तथा बंदियों की पहले की तुलना में रिहाई भी अधिक हो रही है। सहायक जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को जेल नियमावली के विषय में जानकारी दी गई तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से जिन बंदियों के मामलों में अधिवक्ता नहीं हैंए उन्हें पैरवी करने तथा जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु विधिक सहायता प्रदान कर निरूशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाने के बारे में बताया गया।




### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की ली बैठक

**घरघोड़ा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के.चंद्रवंशी जिला रायगढ छग के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस.आर.पैकरा की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा के स्वास्थ्य कर्मचारियों का समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य प्राप्ति एवं उपलब्धि के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक शुरुआत के बीएमओ डॉ एस. आर.पैकरा एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा सीएमएचओ का पुष्प गुच्छा के साथ स्वागत एवं आभार प्रकट की गई। टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, संस्थागत प्रसव, सिकलसेल, कुष्ठ, टीबी, अन्धत्व निवारण, मलेरिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन कार्यक्रम, डायरिया मौसमी बीमारियों से बचाव, औषधियों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक चर्चा किया गया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास कर पदेन दायित्वों का निर्वहन किये हेतु निर्देश दिया गया।

# बाइक से शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरलिया स्कूल चौंक पर वाहनों को चेक कर रही टीम द्वारा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 5779 पर शराब परिवहन कर रहे दो युवक अर्जुन माझी पिता संतोष माझी, उम्र 20 वर्ष एवं नागेश भगवान मिरेवार पिता भगवान नारायण मिरिवार उम्र 30 वर्ष के पास 33 पाव अंग्रेजी शराब जप्त पंचनामा तैयार किया गया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों से अवैध शराब व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कर जप्ती कर थाना चक्रधरनगर में धारा 34, 2, 59, क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### मोबाइल एप से मिल रही निर्वाचन प्रक्रिया में सुविधा

**सारंगढ़।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है।

# लोकसभा निर्वाचन के संबंध में सारंगढ़ कलेक्टर की प्रेसवार्ता

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एएसपी कमलेश्वर चंदेल सहित जिले के मीडियाकर्मी उपस्थित थे। एसपी पुष्कर शर्मा ने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा बल, फलैग मार्च आदि के बारे में जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची की वितरण किया जा रहा है। साथ ही वोटिंग पर्ची के दौरान कितने मतदाता अनुपस्थित है, इसका भी सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे करने से निर्वाचन कार्य में फर्जी मतदाताओं का पहचान किया जा सकता है और उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जाएगा। विगत दिनों बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 हजार पलायन किए गए बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदाताओं को वीडियो कॉल के माध्यम से आमंत्रण दिया गया कि वह 7 मई को अपने गांव या शहर में आकर राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान के अधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की शुरुआत होने के डेढ़ घंटे पहले वोटिंग मशीन का मॉक टेस्ट ट्रायल, क्षद्म मतदान किया जाएगा। इस दौरान कम से कम 50 पर्ची मतदान का टेस्ट किया जाएगा। मॉकपोल के लिए राजनीतिक पार्टी एवं उनके प्रतिनिधियों का 15 मिनट का इंतजार किया जाएगा। यदि वह नहीं आते हैं तो नियम अनुसार किया जाएगा। रायगढ़ लोकसभा में एक बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा जांजगीर चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या 18 है। इसलिए एक यूनिट से 18 की संख्या कर संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए में दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा। जिले में ईवीएम मशीन की कमी की पूर्ति गौरेला पेंड्रा जिले से की गई है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलौदा बाजार जिले के कसडोल क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों को बलौदाबाजार को दिया जाएगा और वोट के बाद उसको वहां से यहां के स्ट्रांग रूम में लाया जाएगा। इसी प्रकार लोकसभा उम्मीदवार के बैंक खाता का हिसाबए एक उनके शैडो रजिस्टर और व्यय प्रेक्षक कार्यालय के रजिस्टर से मिलान कर लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए खर्च का हिसाब किया जाएगा। एमसीएमसी के द्वारा पैड न्यूज के मामले में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से नोटिस उम्मीदवार को जाएगा। नोटिस में कैंडिडेट का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर यह खर्च उनके व्यय खाता में जोड़ दिया जाएगा। वर्तमान लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को 95 लाख रुपए खर्च करने की पात्रता है। पैड न्यूज के मामले में जिला स्तरीय समिति एमसीएमसी के फैसले से उम्मीदवार संतुष्ट नहीं होने पर उसके खिलाफ राज्य स्तरीय एमसीएमसी में अपील कर सकता है।




# निर्वाचन ड्यूटी में तैनात 39 कर्मचारियों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष के प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जहां आज पहले दिन 39 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाकमत महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी कर्मचारियों के लिए रायगढ़ जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर पीवीसी का गठन करते हुए मतदान कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक, नगर सेनानियों, अनिवार्य सेवा के मतदाताओं एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं के मतदान हेतु सुविधा केन्द्र पोस्टल वोटिंग सेन्टर पीवीसी कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा, 16 रायगढ़, 18 खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ के मतदाता 26 से 30 अप्रैल तथा 1 से 6 मई तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह फॉर्म 12 में विधिवत आवेदन करने वाले पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र वार 29 एवं 30 अप्रैल तथा 1 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक पुलिस कंट्रोल रूम चक्रधरनगर रायगढ़ में जाकर डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।

# एनटीपीसी लारा में बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख लारा ने 25 अप्रैल को एनटीपीसी लारा में पश्चिमी क्षेत्र।। बैडमिंटन टूर्नामेंट का उदघाटन किया। पश्चिमी क्षेत्र ।। बैडमिंटन टूर्नामेंट 25 से 27 अप्रैल तक लारा में खेला जा रहा है। पश्चिमी क्षेत्र द्वितीय के अंतर्गत सभी स्टेशनों के बैडमिंटन खिलाडियों ने इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में श्री सिंह द्वारा सभी खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से खेलने की शपथ दिलायी गई।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए खेलों के महत्व को रेखांकित किया। श्री सिंह ने सभी महाप्रबंधकों और सभी प्रतिभागी टीमों के कप्तानों के साथ इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी का भी अनावरण किया। यहाँ बताना उचित होगा दिनांक 24 अप्रैल को अपराहण में सभी टीमों के कप्तानों की उपस्थिती में सभी टीमों की जर्सी अनबरण किया गया था। पश्चिमी क्षेत्र ।। के अंतर्गत आनेवाले कोरबा, सीपत, लारा, गदरवारा, खरगोन एवं पश्चिमी क्षेत्र ।। मुख्यालय के 66 खिलाड़ियों ने इसमे भाग ले रहे है। यह टूर्नामेंट सिंगल, डबल, मिक्स डबल एवं टीम इवैंट समेत कुल 4 स्पर्धाओं में खेला जा रहा है।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411